


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ


RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Uttarakhand: सरकारी खर्च, बिल व योजनाओं की गड़बड़ी
## तुरंत पकड़ेगा AI, अफवाह फैलाने वालों पर रखेगा नजर



आने वाले समय में उत्तराखंड में एआई सरकारी कार्यप्रणाली को चुस्त, दुरुस्त व पारदर्शी बना देगा। एआई नीति में जो खाका पेश किया गया है, वह शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही शासन और प्रशासन में भी कारगर होगा। सरकारी खर्च, बिल, योजनाओं की गड़बड़ी तुरंत पकड़ी जाएंगी। शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में एआई बड़ा बदलाव करेगा। अपुणि सरकार, सीएम हेल्पलाइन पर आवेदन ट्रैकिंग, शिकायत वर्गीकरण और वर्चुअल सहायता देगा। स्थानीय गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी में आवाज आधारित सरकारी सेवाएं मिलेंगी। एआई कैमरों से भीड़, संदिग्ध गतिविधियों और सुरक्षा जोखिमों की पहचान पुलिस के लिए आसान होगी। भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा, खर्च, बिल, और योजनाओं में गड़बड़ी पकड़ेगा। जमीनों के पुराने रिकॉर्ड डिजिटाइज होंगे और एआई से अवैध कब्जे व भू-उपयोग में परिवर्तन पकड़े जाएंगे। सोशल मीडिया की निगरानी करने के साथ ही अफवाह व गलत जानकारी का पता लगाएगा। वहीं, ई-टेंडर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगा। खरीद प्रक्रियाओं में धोखाधड़ी, अनियमितता और देरी कम होगी।

## Interview: 'आतंकवाद का धर्म से कोई संबंध नहीं, यह भ्रम अब टूटा', दिल्ली धमाकों पर राम माधव का बड़ा बयान




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने दिल्ली में हुए बम धमाकों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लाल किले में जो बम ब्लास्ट की घटना हुई, उसने ऐसे कई मिथकों को तोड़ा है कि आतंकवाद का धर्म से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, "पूरी दुनिया में यह भ्रम फैलाया गया कि शिक्षा का आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं, गरीबी का कोई लेना-देना नहीं। यह सब गलत है। आतंकवाद गरीबी का नहीं, विश्वास और वैचारिक प्रतिबद्धता का नतीजा है।" उन्होंने आगे कहा कि आतंकवादियों की पहचान सिर्फ शिक्षा या सामाजिक स्थिति से नहीं होती, बल्कि उस धार्मिक या वैचारिक प्रेरणा से होती है, जो उन्हें हिंसा के रास्ते पर ले जाती है। संघ नेता ने कहा, "यह कहना कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, अब पुरानी और झूठी बात है। आतंकवादी किसी धर्म को पूरी तरह बदनाम नहीं करते, लेकिन उनका अपना एक धार्मिक प्रेरणा-तंत्र होता है, जिसे नकारा नहीं जा सकता।"

## Report: जनसांख्यिकीय परिवर्तन से बदलेगा वैश्विक विकास का रास्ता, युवा आबादी के साथ भारत को मिलेगा फायदा



वैश्विक आर्थिक वृद्धि का ढांचा आने वाले वर्षों में बड़े बदलाव से गुजरने वाला है। अर्न्स्ट एंड यंग की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में देशों के अलग-अलग जनसांख्यिकीय चरण युवा आबादी और वृद्धि होती आबादी एक नई आर्थिक खाई पैदा कर रहे हैं।

**विकसित अर्थव्यवस्थाओं में घट रही युवाओं की आबादी**

रिपोर्ट बताती है कि जहां कई अर्थव्यवस्थाएं अभी भी बढ़ते और युवा कार्यबल से लाभ उठा रही हैं। वहीं कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं और कुछ अन्य देश वैश्विक आबादी में अपनी हिस्सेदारी घटते हुए देख रहे हैं। इन देशों में आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है, जिसके कारण आने वाले समय में उनकी वृद्धि का मॉडल भी बदल जाएगा।

**वृद्ध होती आबादी वाले देशों का मुख्य आधार तकनीक होंगी**

रिपोर्ट के अनुसार, वृद्ध होती आबादी वाले देशों में आर्थिक विकास का मुख्य आधार आधुनिक तकनीकें होंगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और जेनरेटिव AI (GenAI) जैसी तकनीकें उत्पादन, सेवाओं और उत्पादकता बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

## श्रीलंका में बाढ़-भूस्खलन
### से 56 लोगों की मौत, 600 से ज्यादा घर तबाह; स्कूल-दफ्तरों को बंद किया गया



श्रीलंका में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के चलते हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देशभर में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। बिगड़ते हालात को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया। बता दें कि पिछले सप्ताह से ही श्रीलंका खराब मौसम से जूझ रहा है। हालांकि, गुरुवार को मूसलाधार बारिश ने यहां तबाही मचा दी। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं, जबकि 14 घायल बताए जा रहे हैं। देश के अन्य हिस्सों में भी भूस्खलनों से कई लोगों की जान गई है। लगातार तेज बारिश से अधिकतर नदियां और जलाशय उफान पर हैं। इसके चलते कई सड़कें बंद हैं। चट्टानें, पेड़ और मिट्टी गिरने से कई रास्ते और रेलवे ट्रैक बंद हो गए। इसी वजह से यात्री ट्रेनों की सेवाएं भी रोक दी गईं

## UP: ऐसा गांव जहां अब तक नहीं पहुंची बिजली
### कई बार खंभे लगे पर नहीं दौड़े तार; रोशनी के लिए मोमबत्ती का सहारा




यूपी के सीतापुर में एक गांव में अभी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं पहुंच सकी हैं। आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद अभी भी इस गांव के लोग रात में रोशनी के लिए मोमबत्ती का सहारा लेते हैं। मामला सीतापुर जिले के बसावनपुर के ग्राम अन्नीपुर का है। यहां आजादी के बाद अब भी बुनियादी सुविधाओं का टोटा है। गांव में करीब 45 घर हैं। लगभग 700 की आबादी वाले इस गांव में एक प्राथमिक विद्यालय है। ग्रामीण जयंती लाल वर्मा बताते हैं कि देश की आजादी के 78 साल बाद भी गांव की सूरत नहीं बदल सकी है। गांव में विद्युतीकरण नहीं हो सका है। कई वर्ष पहले गांव में बिजली के खम्भे आए थे लेकिन अभी तक रोशनी नहीं को सकी है। नेताओं से सिर्फ आश्वसान ही मिल सका है। गांव के लोग कहते हैं कि बिजली न होने से रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है। लोगों को रात में उजाले के लिए सौर ऊर्जा व मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ता है, विद्युतीकरण न होने से यहां के लड़कों की शादी में मुश्किल होती है। सरकार ने केरोसिन भी बंद कर दिया है, वैकल्पिक तरीके से उजाला करना पड़ता है। जिससे बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत होती है।

## पाकिस्तान से बढ़ रही रूस की करीबी?: दोनों देशों में व्यापार-ऊर्जा सहयोग पर सहमति, जानें क्या-क्या समझौते हुए



रूस और पाकिस्तान के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर सहमति बनी है। दोनों देशों ने इस बीच कई अहम ज्ञापन समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। बताया गया है कि दोनों देशों के बीच यह समझौते पाकिस्तान–रूस अंतरसरकारी आयोग (आईजीसी) की 10वीं बैठक में हुए। बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री अवैस लेघारी और रूस के मंत्री सर्गेई सिविलेव ने की। पाकिस्तान के द डॉन अखबार के मुताबिक, दोनों देशों के बीच जिन तीन अहम एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, उनमें- गुणवत्ता मानकों, एकाधिकार-विरोधी नियामक और मीडिया और पेशेवर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के एमओयू शामिल रहे। इसके अलावा दोनों पक्षों ने व्यापार बढ़ाने, निर्यात पोर्टफोलियो में विविधता लाने और व्यापारिक संपर्क मजबूत करने को लेकर हुई चर्चाओं पर भी संतुष्टि जताई। पाकिस्तानी कपड़ा उद्योग, खेल उत्पाद, आईटी सेवाएं, इंजीनियरिंग उत्पाद और कृषि वस्तुओं को रूस में बेहतर बाजार पहुंच दिलाने पर भी बात हुई। इसी के साथ दोनों ने माल ढुलाई के लिए संचालन व्यवस्था शुरू करने से जुड़ी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर भी बात की।

# Aaj Ka Rashifal 28 November

## मेष, वृषभ और कन्या राशि के लिए सुख-साधनों में वृद्धि और अकस्मात लाभ के योग

28 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 28 नवंबर 2025 का राशिफल।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,



### मेष

आज का दिन धन प्राप्ति के मामले में दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलेगा, जो आपको खुशी देगा और आप अपने कामों को पूरी मेहनत से करेंगे, जिससे आपको एक अच्छा मुकाम भी हासिल होगा। संतान के करियर को लेकर आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। परिवार में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। बिजनेस में भी आपको कुछ बड़ी डीलों को फाइनल करने का मौका मिलेगा, जिसमें आप काफी व्यस्त रहेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि काम को लेकर कोई मित्र सलाह दें, तो उस पर आप थोड़ा सोच समझकर ही अमल करें। परिवार में किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है। आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती है। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्च पर ध्यान देने के लिए रहेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। आप किसी नए काम में हाथ आजमाने की सोचेंगे। कोई वाहन खरीदने की इच्छा आपकी पूरी हो सकती है, लेकिन आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं। परिवार में आप जरूरत से ज्यादा खर्चों को बढ़ा सकते हैं, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। किसी अजनबी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर ध्यान देना होगा। सामाजिक व राजनीतिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप उतार सकते हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपकी अपने किसी सहयोगी से बेवजह लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। विद्यार्थी यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, तो उसमें सफलता अवश्य मिलेगी। आप किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आपने पहले कोई इन्वेस्टमेंट किया था, तो उससे आपको अच्छा धन लाभ मिलने की संभावना है। जीवन साथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे और जिससे दोनों एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। किसी डील को लेकर पार्टनरशिप होगी। आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के सोर्सो पर भी पूरा ध्यान देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। यदि आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या है, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपको किसी के कहने में आकर कोई निर्णय नहीं लेना है, नहीं तो बाद में उसके लिए पछतावा होगा।

### तुला

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा, इसलिए आपको अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। कोई कानूनी मामला यदि आप कोई टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपके कुछ नए कामों को गति मिलेगी। संतान की तरक्की में आ रही बाधा दूर होगी। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलना होगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले को मिल बैठकर निपटना होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके कामों को लेकर एक नई पहचान मिलेगी। बिजनेस में भी आप अपनी योजनाओ में कोई बदलाव करेंगे। आप जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद किसी वाद विवाद को लेकर मनमुटाव खड़ा कर सकता है। आप अपने बिजनेस के कामों को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

### मकर

आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। आपको कामकाज पर पूरा ध्यान देना होगा। कोई सरकारी काम समय से पूरा होगा, जो आपको खुशी देगा। आपको अपने खर्चो को थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन किसी प्रॉपर्टी से संबंधित मामले में आपको थोड़ी समस्या होगी।

### कुंभ

आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को समय से पहले पूरा करके देंगे, जिससे आपके बॉस भी काफी खुश रहेंगे। घर में यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। आपका बिजनेस पहले से बेहतर होगा और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। धन को लेकर यदि कोई समस्या आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे।आपको गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं।

आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# UP: मिर्जापुर में कोहरे का कहर

## हाईवे पर खड़े ट्रक में घुसी कार, उड़े परखच्चे; पिता- पुत्र समेत चार की मौत



Mirzapur News Today: उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में शुक्रवार को भीषण हादसा हुआ। खड़े ट्रक में कार घुस गई, इससे कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है।Mirzapur News: कोहरे के कारण मिर्जापुर जनपद में प्रयागराज- वाराणसी हाईवे पर शुक्रवार की भोर में भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क पार कर रहे चालक और खलासी को रौंदते हुए ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार पिता- पुत्र की मौत हो गई। चालक की मौके पर और खलासी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।घटना के बाद सड़क पर बिखरे शव देख लोगों के होश उड़ गए। मौके पर जिले के पुलिस अधिकारी पहुंच कर राहत बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कछवां थाना क्षेत्र के कटका हाईवे पर कार अनियंत्रित होने से हुए हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज से वाराणसी जा रही कार राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटका भारत पेट्रोलियम के समीप अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में घुस गई जिसमें सवार पिता- पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक ड्राइवर व खलासी खाना खाने के बाद अपने ट्रक के पास जा रहे थे कि अनियंत्रित कार की चपेट में आ गए। जिससे ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे भदोही मंडलीय अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में खलासी ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में कार में सवार पिता श्यामकृष्ण यादव और पुत्र अनुराग यादव के साथ ही अज्ञात ट्रक ड्राइवर व खलासी शामिल हैं।दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर ट्रक में घुसी कार को बाहर निकलवाया। मौके से तीन शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई। वहीं गंभीर रूप से घायल खलासी को मंडलीय अस्पताल भेज दिया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

# अब लंबे रूट पर भी देवी बस चलाने की तैयारी

## गाड़ियों की कमी होगी दूर; दिल्ली सरकार बना रही है योजना



राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर सकती है। यमुना पार सहित कई इलाकों से लगातार मिल रही बसों की अनुपलब्धता की शिकायतों ने सरकार को विकल्प तलाशने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे में अब बड़ी 12-मीटर बसों के रूट पर देवी बसें यानी छोटी ई-बसें चलाने की तैयारी है। इससे यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और बसों की किल्लत को आंशिक रूप से दूर किया जा सकेगा। हालांकि, देवी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए संकरे क्षेत्रों में संचालित करने के लिए लाया गया है। यह बसें ऐसी जगहों पर चलाई जा रही हैं जहां पर डीटीसी की 12 मीटर लंबी बसें नहीं जा सकती हैं।सूत्रों के अनुसार, सरकार इस दिशा में गंभीरता से विचार कर रही है और करीब 50 फीसदी देवी बसें बड़े रूटों पर तैनात करने का मॉडल तैयार किया जा रहा है। यह कदम इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि पूर्वी दिल्ली में बस रूटों के पुनर्निर्धारण के बाद से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर नई व्यवस्था को लेकर प्रचार-प्रसार की कमी और सड़कों से लगातार हट रहीं सीएनजी बसों के कारण दिक्कत आ रही है।डीटीसी द्वारा पूर्वी दिल्ली में रूट रैशनलाइजेशन का काम पूरा किया जा चुका है जिसके तहत साल के अंत तक 692 सीएनजी बसें सड़कों से हट जाएंगी। इसके बाद यह मॉडल पश्चिमी और उत्तरी जोन में भी लागू किया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि 12-मीटर वाली बसों के किसी भी रूट को बंद नहीं किया जाएगा और भले ही फ्लीट कम हो, हर रूट पर कम से कम एक बस जरूर चलेगी। अभी तक जिन 121 रूटों का अध्ययन किया गया है उनमें से 100 पर केवल डीटीसी चल रही थी जबकि 12 पर क्लस्टर बसें और नौ रूट ऐसे थे, जहां दोनों सेवाएं साथ चलती थीं।

# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या पंजाबी; तेज हुई एविक्शन की मांग




Kamya Punjabi Slams Ashnoor Kaur: 'बिग बॉस 19' में तान्या मित्तल और अशनूर कौर के बीच हालिया विवाद ने अब सोशल मीडिया पर अशनूर के एविक्शन को लेकर मांग तेज कर दी है। कई सेलेब्स भी इस पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। काम्या पंजाबी ने भी अशनूर को लताड़ लगाई है।रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी।फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। काम्या पंजाबी ने भी अशनूर के इस व्यवहार पर कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'वीकेंड का वार' में इस मसले पर साफ तौर पर चर्चा होगी और शो इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएगा।बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले 7 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाला है।

# Dharmendra: सनी-बॉबी ने किया धन्यवाद, नहीं दिखीं हेमा-एशा; धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा से सामने



Dharmendra Prayer Meet: गुरुवार को धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा में उन्हें बॉलीवुड ने मिलकर याद किया। इस दौरान देओल परिवार के दुख में शामिल होने के लिए कई सितारे साथ आए। सभा से कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहे हैं।बॉलीवुड के 'ही-मैन' और करोड़ों दिलों की धड़कन रहे धर्मेंद्र अब केवल यादों में रह गए हैं। 24 नवंबर 2025 को 89 वर्ष की आयु में उनके निधन ने इंडस्ट्री में एक सन्नाटा-सा डाल दिया। गुरुवार यानी 27 नवंबर को मुंबई के बांद्रा स्थित ताज लैंड्स एंड में उनके चौथे पर प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां सिनेमा जगत की तमाम बड़ी हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचीं। दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि देने वालों की लिस्ट में सोनू निगम भी रहे जिन्होंने धरम जी के गीत गाकर उन्हें याद किया।प्रार्थना सभा से कई फोटोज और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बी-टाउन से कई सेलेब्स धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। करण जौहर, शाहरुख खान, सलमान खान, रेखा, महिमा चौधरी, माधुरी दीक्षित समेत उद्योग जगत की कई दिग्गज हस्तियां 'ही-मैन' को अंतिम विदाई देने पहुंचीं। श्मशान से लेकर देओल परिवार के घर तक बीते चार दिनों में लगातार फिल्मी सितारे और करीबी मित्र उन्हें याद करने पहुंच रहे हैं।इस सभा से आई तस्वीर में सनी देओल और बॉबी देओल अपने पिता को आखिरी विदा देने पहुंचे सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए नजर आए। प्रार्थना सभा से बाहर निकलकर घर जाते हुए भी इनका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया।प्रार्थना सभा में एक तरफ बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद थीं, वहीं दूसरी ओर हेमा मालिनी और उनकी बेटियां एशा और आहना कहीं दिखाई नहीं दीं। सोशल मीडिया पर उनके न आने को लेकर चर्चा गर्म रही। हालांकि दिन में हेमा मालिनी ने एक बेहद भावुक पोस्ट साझा कर धर्मेंद्र के साथ बिताए पलों को याद किया था। उन्होंने लिखा कि जीवन का एक बड़ा हिस्सा उनसे जुड़ा था और अब वह हमेशा के लिए खाली हो गया है। दिलचस्प बात यह रही कि कई सेलेब्स प्रार्थना सभा के बजाय शाम को सीधे हेमा मालिनी के घर गए। इनमें बोनी कपूर, मधु शाह और एशा देओल के पूर्व पति भरत तख्तानी शामिल रहे।


# 'मेरी भावनाएं उमड़ रही हैं', हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के साथ शेयर की अनमोल तस्वीरें, लिखा इमोशनल नोट



24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का निधन हो गया था। सांस की तकलीफ के कारण उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद 12 नवंबर को उन्हें घर भेज दिया गया था, लेकिन 24 नवंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन के बाद 27 नवंबर को हेमा मालिनी ने पहली बार सोशल मीडिया पर अपनी चुप्पी तोड़ी और एक बहुत भावुक संदेश लिखा। उन्होंने धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'धरम जी मेरे लिए सब कुछ थे – प्यारे पति, हमारी बेटियों के लाड़ले पापा, सबसे भरोसेमंद दोस्त, मार्गदर्शक, कवि और हर मुश्किल वक्त में साथ देने वाले इंसान।'इसे श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। इसमें अगस्त्य नंदा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

Hema Malini Dharmendra Photos: हेमा मालिनी ने आज कुछ ही देर पहले धर्मेंद्र के साथ कुछ प्यारे पारिवारिक पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ ही हेमा ने धर्मेंद्र की याद में एक इमोशनल नोट भी लिखा है। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को निधन हो गया। जिसके बाद उनकी याद में कल यानी 27 नवंबर को एक प्रार्थना सभा रखी गई। इस दौरान कई सेलेब्स ने धर्मेंद्र को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। आज हेमा ने धर्मेंद्र के साथ अपनी कई अनमोल तस्वीरों को शेयर कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है।हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद कई अनदेखी पारिवारिक तस्वीरों को इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। कुछ तस्वीरों में उनकी बेटियां एशा देओल और अहाना देओल भी पापा धर्मेंद्र के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आ रही हैं।हेमा ने इन अनमोल और अनदेखी तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कुछ बहुत प्यारे पारिवारिक पल... ये तस्वीरें मेरे लिए अनमोल हैं। ये पहले कभी किसी को नहीं दिखाई गईं। इन्हें देखकर फिर से पुरानी यादें और भावनाएं उमड़ रही हैं।'धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' है, जो जल्द रिलीज होगी। यह फिल्म सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की जिंदगी पर बनी है।

# 'कभी कोशिश न करने से बेहतर है. 70 साल की उम्र में फिटनेस फ्रीक बनें अनुपम खेर



Anupam Kher Fitness At 70: बॉलीवुड स्टार अनुपम खेर फिटनेस के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। अनुपम ने 70 साल की उम्र में जिम से कई तस्वीरों को शेयर कर फैंस को हैरान कर दिया है।मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने 70 साल की उम्र में भी खुद को फिट रखा है। जिसकी एक खास झलक अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही एक्टर ने युवाओं को फिटनेस का सबक दिया। उनका यह पोस्ट सेलेब्स को भी पसंद आ रहा है।अनुपम ने आज कुछ ही देर पहले अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर जिम से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं।। इनमें वे ट्रेडमिल पर दौड़ते और डम्बल उठाते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'जो गिरकर उठता है, वह उससे कहीं ज्यादा मजबूत होता है, जिसने कभी कोशिश ही नहीं की हो।' आगे इस पोस्ट में अनुपम ने लिखा, 'जय बजरंग बली।' अनुपम की इस पोस्ट पर एक्टर मनीष पॉल ने बाइसेप्स की इमोजी बनाकर प्यार जताया है।

# एयरफोर्स की ड्रेस में दिखे रणबीर कपूर और विक्की कौशल, 'लव एंड वॉर' के सेट से लीक हुईं तस्वीरें




संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग जारी है। इसमें रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट अहम किरदार में हैं। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फैंस इन्हें देखकर उत्साहित हैं। उम्मीद है कि यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। तस्वीरें वायरल होने के बाद फिल्म की चर्चा काफी बढ़ गई है।फिल्म 'लव एंड वॉर' से जो तस्वीरें लीक हुई हैं उसमें किरदारों के लुक सामने आए हैं। एक वायरल तस्वीर में देखा जा सकता है कि दोनों अहम किरदार विक्की कौशल और रणबीर कपूर, एयर फोर्स की नीली ड्रेस में हैं। दोनों फाइटर जेट के पास खड़े हैं। ऐसा लगता है कि दोनों फिल्म में एयरफोर्स पायलट का भी किरदार निभाएंगे।इससे पहले 'लव एंड वॉर' के सेट से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की तस्वीरें भी लीक हुई थीं। एक तस्वीर में रणबीर कपूर ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहनी थी। एक दूसरी तस्वीर में वह आर्मी के ड्रेस में थे। इन तस्वीरों में आलिया भट्ट भी नजर आईं थीं। उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी। तस्वीरों में संजय लीला भंसाली भी नजर आए थे।यह पहली बार है कि संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल साथ में काम कर रहे हैं। बताया जाता है कि फिल्म में लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।

# The Bonus Market Update

## बढ़त के साथ खुला बाजार; सेंसेक्स 313 अंक चढ़ा, निफ्टी सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर




हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार ने मजबूत शुरुआत की। शुरुआती सत्र में ही निवेशकों के उत्साह का असर दिखा और दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर खुलकर आगे बढ़ते नजर आए।बुधवार के कारोबार में भी शेयर बाजार जबरदस्त उछाल के साथ बंद हुआ था। बीएसई सेंसेक्स 1,022.50 अंक की छलांग लगाकर 85,609.51 अंक पर बंद हुआ था। वहीं एनएसई निफ्टी 320.50 अंक चढ़कर 26,205.30 अंक पर पहुंच गया था।

सेंसेक्स 313.38 अंकों की बढ़त के साथ 85,922.89 अंक पर पहुंच गया।

निफ्टी भी 90.25 अंक ऊपर चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर 26,295.55 अंक पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल संकेतों में सुधार, निवेशकों की बढ़ती हिस्सेदारी और घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़ों ने बाजार को अतिरिक्त सपोर्ट दिया है।

# Health Insurance Plan

## प्रदूषण वाली बीमारियों के इलाज के लिए भी बीमा पॉलिसी



प्रदूषण संबंधी बीमारियों की बढ़ती घटनाओं से कुछ कंपनियां अब ऐसे विशेष स्वास्थ्य बीमा प्लान लेकर आ रही हैं, जो श्वसन देखभाल पर केंद्रित हैं। उत्तर भारत सहित कई राज्यों में जाड़े में बढ़ते प्रदूषण से सांस संबंधित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इन बीमारियों के इलाज पर भारी-खर्च होता है। हालांकि, बीमा कंपनियां अब इस तरह के रोगों को भी पॉलिसी में शामिल कर रही हैं। बजाज जनरल इंश्योरेंस लि. के हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन टीम के प्रमुख भास्कर नेरुरकर कहते हैं, प्रदूषण संबंधी बीमारियों की बढ़ती घटनाओं से कुछ कंपनियां अब ऐसे विशेष स्वास्थ्य बीमा प्लान लेकर आ रही हैं जो श्वसन देखभाल पर केंद्रित हैं।

इनमें प्रदूषण से उत्पन्न श्वसन स्थितियों के लिए बिना प्रतीक्षा अवधि की सुविधा, फेफड़ों की स्वास्थ्य जांच जैसी देखभाल लाभ व पुरानी श्वसन बीमारियों के प्रबंधन के लिए वेलनेस कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं। नेरुरकर कहते हैं, प्रदूषण आमजन के स्वास्थ्य की बड़ी समस्या बन गया है, जो गंभीर श्वसन समस्याओं में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है।

अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों के इन्फेक्शन जैसी स्थिति अब आम हो गई हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं विशिष्ट मौसमों तक सीमित नहीं हैं, वे पूरे वर्ष लगातार बना रहने वाला खतरा बन गई हैं।

कई कॉम्प्रिहेंसिव प्लान में आउटपेशेंट डिपार्टमेंट के लाभ शामिल हैं।

## Biz Updates: पहली छमाही में GDP वृद्धि 7.6 % रहने का अनुमान

# RBI ने कहा- महंगाई के अनुमान में कोई पक्षपात नहीं




भारतीय रिजर्व बैंक के महंगाई के पूर्वानुमान में कोई व्यवस्थित पूर्वाग्रह नहीं है। यह विशेष तरीके से पक्षपाती नहीं है। केंद्रीय बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कार्यक्रम में कहा, केंद्रीय बैंक अपने मुद्रास्फीति पूर्वानुमानों पर पहुंचने के लिए विभिन्न मॉडलों और विशेषज्ञ चर्चाओं का उपयोग करता है। अनुमानों का गलत होना एक वैश्विक घटना है।

गुप्ता ने कहा, मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को लेकर चिंताएं संख्या के अति-अनुमान से उत्पन्न होती हैं। हर अनुमान में पूर्वानुमान त्रुटियों का जोखिम होता है। ऐसा कोई भी पूर्वानुमानकर्ता नहीं है जो हर बार सही हो। केंद्रीय बैंक भुगतान संतुलन के आंकड़े मासिक आधार पर जारी करने पर भी विचार हो रहा है। अभी यह तिमाही आधार पर जारी होता है। ब्याज दरों में कटौती अर्थव्यवस्था के लिए मददगार होती और संभवतः अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव कम होता। गुप्ता ने कहा, उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (सीपीआई) पर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आगामी संशोधन भारतीय रिजर्व बैंक के लिए मददगार होंगे।

# रिकॉर्ड बना चावल उत्पादन: 12.45 करोड़ टन पहुंचा

## दाल-तिलहन घटा; खरीफ में कुल खाद्यान्न 17.3 करोड़ टन का अनुमान



अक्तूबर में समाप्त खरीफ सीजन में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 12.45 करोड़ टन तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष के खरीफ सीजन के 12.28 करोड़ टन की तुलना में 1.4 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, दलहन, तिलहन और कपास का उत्पादन कम हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, खरीफ 2025-26 सीजन के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन 17.3 करोड़ टन होने का अनुमान है। यह एक साल पहले समान सीजन में 16.9 करोड़ टन था। मंत्रालय ने बुधवार को अपने अनुमान में कहा, प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हो सकती है। खरीफ फसलें मानसून की शुरुआत में जून से जुलाई के बीच बोई जाती हैं। यह सितंबर-अक्तूबर में काटी जाती हैं। चावल, कुछ दलहन और तिलहन के साथ मुख्य खरीफ फसल है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, देश के कुछ इलाकों में अत्यधिक बारिश से फसलें बहुत ज्यादा प्रभावित हुईं। लेकिन अधिकांश इलाकों को अच्छे मानसून से काफी फायदा भी हुआ है। इससे कुल मिलाकर फसल की अच्छी वृद्धि हुई है। सोयाबीन उत्पादन के 1.52 करोड़ टन से घटकर 1.42 करोड़ टन रहने का अनुमान है। तिलहन उत्पादन 2.8 करोड़ टन से घटकर 2.75 करोड़ टन रह सकता है। मूंगफली का उत्पादन एक करोड़ टन से बढ़कर 1.1 करोड़ टन रह सकता है। इसी तरह गन्ने का उत्पादन पहले के 45 करोड़ टन से बढ़कर 47 करोड़ टन होने का अनुमान है।

# Gold Silver Price

## दिल्ली में सोने का भाव दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचा



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच बुधवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना दो हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना ₹1,200 की बढ़त के साथ ₹1,30,100 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना ₹1,29,500 प्रति 10 ग्राम पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार फेड अधिकारियों की नरम टिप्पणियों और कमजोर आर्थिक आंकड़ों ने दरों में कटौती की संभावना को मजबूत किया है, इससे सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक बाजार में सोना हाजिर 0.81% बढ़कर $4,164.30 प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी उछाल जारी रहा और यह ₹2,300 की बढ़त के साथ ₹1,63,100 प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विदेशी बाजार में चांदी हाजिर 1.71% बढ़कर $52.37 प्रति औंस पर रही। कमोडिटी विशेषज्ञों का मानना है कि रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की उम्मीदों से तेजी सीमित रही, लेकिन मौलिक संकेत बताते हैं कि सोने के लिए सबसे कम प्रतिरोध का रास्ता ऊपर की ओर है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नरम टिप्पणियों और कमजोर आर्थिक आंकड़ों ने वैश्विक बाजारों में सोने की मांग को बढ़ावा दिया है। टिकाऊ वस्तुओं के ऑर्डर और बेरोजगारी दावों के आंकड़े आने से पहले ही निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की ओर रुख किया।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612



















## Deaflympics 2025: PM मोदी ने डेफलिंपिक्स में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा, भारत ने टोक्यो में जीते 20 पदक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो डेफलिंपिक्स में रिकॉर्ड तोड़ 20 पदक जीतने वाले भारतीय दल को बधाई दी है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक जीतकर देश का परचम लहराया।

पीएम ने अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'टोक्यो में 25वें समर डेफलिंपिक्स 2025 में शानदार प्रदर्शन के लिए हमारे डेफलिंपियंस को बहुत-बहुत बधाई। 9 स्वर्ण सहित 20 पदक की अब तक की सबसे अच्छी मेडल टैली के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पक्का इरादा और लगन से शानदार नतीजे मिल सकते हैं। हर एथलीट, कोच और सपोर्ट स्टाफ को बधाई। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है।'

## दिल्ली कैपिटल्स से लेकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तक WPL ऑक्शन के बाद कौन सी टीम हुई मजबूत? नोट कर लें फुल स्क्वॉड



महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी में 67 खिलाड़ियों पर सफल बोली लगी. इसके लिए सभी पांच फ्रेंचाइजी टीम्स ने मिलकर कुल 40.8 करोड़ रुपये खर्च किए. ऑक्शन के बाद सभी टीम्स काफी संतुलित नजर आ रही हैं.महिला प्रीमियर लीग (WPL) 2026 के लिए गुरुवार (27 नवंबर) को मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया. नई दिल्ली के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में हुई इस नीलामी में टीम इंडिया की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं. दीप्ति को यूपी वॉरियर्स ने 3.20 करोड़ रुपये में अपनी टीम में दोबारा शामिल किया.दीप्ति के लिए यूपी की टीम ने राइट टू मैच (RTM) कार्ड का प्रयोग किया. खरीदा. विदेशी खिलाड़ियों में एमेलिया केर को सबसे ज्यादा रकम मिली. एमेलिया 3 करोड़ रुपये में आरटीएम के जरिए मुंबई इंडियंस में फिर से शामिल हुई हैं.

## Kohli-Dhoni Reunion
## रांची में धोनी के घर पहुंचे कोहली और पंत




रांची में गुरुवार देर रात भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए एक दिल छू लेने वाला पल देखने को मिला। एक वायरल वीडियो में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने पुराने साथी और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपनी कार में ड्राइव करते हुए नजर आए। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर आया, यह मिनटों में वायरल हो गया और फैन्स ने इसे 'री-यूनियन ऑफ द ईयर' कहना शुरू कर दिया। अक्सर जब टीम इंडिया रांची में मैच खेलने आती है, तब क्रिकेटर धोनी के घर पहुंचते हैं, और यह परंपरा इस बार भी जिंदा रहा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने रांची पहुंची है, और यह मुलाकात उसी दौरान हुई। विराट के अलावा कई और खिलाड़ी भी धोनी से मिलने उनके घर पहुंचे।

## टीम इंडिया दबाव में!: गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना




टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते।भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपेल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरुआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।पहले टेस्ट में हार और दूसरे टेस्ट में खराब स्थिति के कारण भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2027 क्वालिफिकेशन की उम्मीदें भी कमजोर होती दिख रही हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की, देखें वीडियो



भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम से मुलाकात की। इसका वीडियो सामने आया है। खिलाड़ियों और स्टाफ ने पीएम मोदी और ट्रॉफी के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से बात की और उनका अनुभव जाना। पीएम मोदी ने टीम से दिल्ली स्थित अपने आवास पर मुलाकात की।भारतीय टीम ने कोलंबो के पी सारा ओवल में खेले गए फाइनल मुकाबले में नेपाल को सात विकेट से हराया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार हो रहा था और भारत इस वैश्विक टूर्नामेंट को जीतने में सफल रहा। भारत ने नेपाल को पांच विकेट पर 114 रन पर रोक दिया था। जवाब में टीम ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम का फाइनल में ऐसा दबदबा रहा कि नेपाल की टीम अपनी पारी में सिर्फ एक बाउंड्री ही लगा सकी।भारत के लिए फाइनल में सबसे ज्यादा रन फुला सारेन ने बनाए। वह 44 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।